(नैक द्वारा A++ ग्रेड प्रत्यायित)

# लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ

संख्याः लविवि/पनिका/23– 16
दिनांक : 15.01.2023

सेवा में,

समस्त सम्बन्धित प्राचार्य/प्राचार्या
सहयुक्त महाविद्यालय, (लखनऊ, सीतापुर, लखीमपुर, हरदोई एवं रायबरेली)
लखनऊ विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

**विषय** : विषम सेमेस्टर 2022 की परीक्षाओं हेतु परीक्षा केन्द्रों के निर्धारण के सम्बन्ध में।

**महोदय/महोदया,**

उपरोक्त विषयक अवगत कराना है कि विषम सेमेस्टर–2022 की परीक्षाओं हेतु लखनऊ विश्वविद्यालय के सहयुक्त महाविद्यालयों के नोडल एवं परीक्षा केन्द्रों की अस्थायी सूची जारी कर दी गयी है। सूची के सम्बन्ध में किसी महाविद्यालय को आपत्ति अथवा परामर्श दिनांक 17.01.2023 की सायं 05.00 बजे तक अनिवार्य रूप से परीक्षा नियंत्रक की ई–मेल coe@lkouniv.ac.in पर अनिवार्य रूप से उपलब्ध करा दें। सूची उच्च शिक्षा अनुभाग–1 के शासनादेश संख्या –1043/सत्तर–1–2022–16 (9)/2018 दिनांक 08.04.2022 के समादर में तैयार की गयी है। शासनादेश में वर्णित निम्नवत् बिन्दुओं का अनुपालन निर्धारित परीक्षा केन्द्रो द्वारा अनिवार्य रूप से किया जाना हैः

1. परीक्षा केन्द्र में प्रवेश द्वारा सहित प्रत्येक परीक्षा कक्ष एवं उससे जुड़े बरामदें में वाइस रिकार्डर सहित सी0सी0टी0वी0 कैमरा एवं रिकार्डिग हेतु डी0वी0आर0 तथा पारदर्शितापूर्ण नकल विहीन परीक्षा कराये जाने एवं उसकी वेबकास्टिंग के द्वारा मानीटरिंग किये जाने हेतु राउटर डिवाइस लगा होना अनिवार्य है।
2. प्रत्येक कक्ष में न्यूनतम दो कैमरे तथा सामान्य से बड़े परीक्षा कक्ष में आवश्यकतानुसार पूर्ण एवं स्पष्ट कवरेज हेतु दो से अधिक कैमरे आवश्यक लगे होने चाहिए।

अतः अनुरोध है कि परीक्षा केन्द्रो के सम्बन्ध में आपत्ति अथवा सुझाव उपरोक्त निर्धारित तिथि एवं समय तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने का कष्ट करें, जिससे अग्रिम कार्यवाही की जा सके।

भवदीय,

15.1.2023

परीक्षा नियंत्रक
लखनऊ विश्वविद्यालय।

**पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः** उपरोक्त।

**प्रतिलिपि**निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. सचिव कुलपति को माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. कुलसचिव।
3. परीक्षा नियंत्रक कार्यालय।

15.1.2023

परीक्षा नियंत्रक
लखनऊ विश्वविद्यालय।